सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
आई.टी.भवन, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

क्रमांकः–प.2(3329)डी.ओ.आईटी./संस्था/14/ Z/28405/2015 जयपुर, दिनांक 02/02/2015

### अनापत्ति प्रमाण पत्र

श्री तेजाराम बिश्नोई, सूचना सहायक कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फलोदी (जोधपुर) को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा संचालित एम.ए. फाईनल की स्वयंपाठी की परीक्षा में सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नही है।

उक्त पाठ्यक्रम की परीक्षाओं में सम्मिलित होने की अनुमति श्री तेजाराम बिश्नोई, सूचना सहायक को निर्देशानुसार निम्नलिखित शर्तो पर प्रदान की जाती हैः–

1. शिक्षण संस्थान में अध्ययन का समय यदि कार्यालय समय के समान ही हो तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त मानी जायेगी।
2. कर्मचारी का पदस्थापन अध्ययन स्वीकृति संस्थान के मुख्यालय से परिवर्तन/स्थानान्तरित हो जाता है तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।
3. कर्मचारी को प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष में उत्तीर्ण की गयी परीक्षा की सत्यापित अंकतालिका परीक्षा परिणाम घोषित होने के 30 दिवस में उचित माध्यम से इस विभाग को प्रेषित करनी होगी।
4. परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जावेगा।
5. अध्ययन स्वीकृती दिये जाने से कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकार नहीं मिल पायेगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
6. अध्ययन से राजसेवक दैनिक राजकीय कार्य सम्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा, अन्यथा स्वीकृति समाप्त कर दी जायेगी।
7. अध्ययन वर्ष में कर्मचारी की उपस्थिति का प्रतिशत कम होने के लिए सरकार/विभाग किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृति नही किया जावेगा।
8. प्रशासनिक कारणों से अध्ययन परीक्षा हेतु स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
9. इस अनापत्ति प्रमाण पत्र से अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे अध्ययन के पाठ्यक्रम या विश्वविद्यालय की मान्यता या गैर – मान्यता के सम्बन्ध में इस विभाग की स्वीकृति नहीं मानी जायेगी।

—sd—
(आशुतोष एम. देशपाण्डे)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन
संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित हैः–
1. खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फलोदी (जोधपुर)।
2. प्रभारी अधिकारी, कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भोजासर फलौदी (जिला जोधपुर)।
3. श्री तेजाराम बिश्नोई, सूचना सहायक कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भोजासर फलौदी (जिला जोधपुर)।
4. निजी/रक्षित पत्रावली।
5. प्रभारी अधिकारी (वेबसाइट)।

तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव